# मेरा कान्हा पागल हो गया गुजरियो के मेले में लिरिक्स

मेरा कान्हा पागल हो गया,
गुजरियो के मेले में,
किसी की मटकी फोड़ी,
किसी की बईयाँ मरोड़ी,
और डर डर के सब दौड़ी,
मेरा कान्हा पागल हो गया,
गुजरियो के मेले में।bd।

तर्ज – दिल चोरी साटा हो गया।

---

गोकुल में हल्ला भारी,
अरे कहाँ गए वो मुरारी,
ग्वाल बाल सब ढूंढे,
और ढूंढे राधा प्यारी,
वो तो मुरली संग में ले गया,
गुजरियो के मेले में,
मेरा कान्हा पागल हो गया,
गुजरियो के मेले में।bd।

---

देखो ये मुरली वाला,
अब बन गया खाटू वाला,
कलयुग का देव निराला,
है भक्तो का रखवाला,
ये तो शीश का दान दे गया,
महाभारत के रेले में,
मेरा कान्हा पागल हो गया,
गुजरियो के मेले में।bd।

---

हर गुजरी दिल से चाहे,
मेरा कान्हा मुझे सताए,
और मन ही मन में सोचे,
वो मेरा माखन खाए,
वो तो सबका माखन खा गया,
गुजरियो के मेले में,
मेरा कान्हा पागल हो गया,
गुजरियो के मेले में।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

'हरी ॐ' जो इन्हें रिझाए,
अपना ये उसे बनाए,
मेरे श्याम की महिमा भारी,
'सोनी मारवाल' मिल गाए,
हर भक्त ही पागल हो गया,
गुजरियो के मेले में,
मेंरा कान्हा पागल हो गया,
गुजरियो के मेले में।bd।

---

मेरा कान्हा पागल हो गया,
गुजरियो के मेले में,
किसी की मटकी फोड़ी,
किसी की बईयाँ मरोड़ी,
और डर डर के सब दौड़ी,
मेंरा कान्हा पागल हो गया,
गुजरियो के मेले में।bd।

गायक – सोनी मारवाल।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com